### मेरठ-नानू मार्ग पर रफ्तार बनी हादसे की वजह

# कार-ई-रिक्शा भिड़ंत में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मेरठ-नानू मार्ग पर शनिवार को तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा की भिड़ंत में चार वर्षीय मासूम बच्ची समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नानू निवासी इस्लाम ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शनिवार को वह सरधना से सवारियां लेकर गांव लौट रहा था। ई-रिक्शा में रजिया, उसकी चार वर्षीय पुत्री नमीरा और निशा भी सवार थीं। इसी दौरान दिल्ली निवासी मोहित अपने परिवार के साथ कार से सरधना की ओर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मेरठ-नानू रोड पर मढियाई के निकट पीछे से आ रही कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में ई-रिक्शा चालक इस्लाम, रजिया, नमीरा और निशा घायल हो गए। वहीं कार सवार कुछ लोगों को भी मामूली चोटें आईं। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।



**अस्पताल में घायल का फोटो।**

हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। कार चालक मोहित का कहना है कि ई-रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक लगाए थे, जिसके कारण कार टकरा गई। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।






#### सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता

लगातार सामने आ रहे सड़क हादसों के बीच इस दुर्घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों और यातायात नियमों के पालन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना संभावित मार्गों पर निगरानी बढ़ाने और वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण की मांग की है।

## गांव मोडकला में विजिलेंस टीम का छापा तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बहसूमा। क्षेत्र के गांव मोडकला में विजिलेंस टीम ने सुबह 4 बजे छापा मारकर दर्जनों लोगों को पकड़ लिया। टीम ने तारों पर कटिये लगाकर चोरी से बिजली जलाते हुए वीडियोग्राफी की गई। उसके बाद टीम वापस मेरठ की ओर लौट गई। बिजलेन्स टीम को शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग गांव में तारों में कटिया डालकर चोरी से बिजली जला रहे हैं। जिसको देखते हुए बिजलेन्स टीम ने छापा मारकर दर्जन लोगों को पकड़ने का दावा किया है। जिसमें टीम द्वारा वीडियोग्राफी भी कराई गई। बिजलेन्स टीम के देहात इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की पूरी टीम गांव मोड कला में पहुंची थी। जिसमें संघन अभियान में तीन लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है। जिसमें तीनों लोगों के खिलाफ विभाग में रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं लोगो में इस कार्रवाई से दहशत है।

## रालोद नेता की मां के निधन पर दर्जा प्राप्त मंत्री ने दी सांत्वना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोडखुर्द निवासी रालोद नेता हरेंद्र उर्फ हरिया की मां पूर्व प्रधान ओमबीरी देवी का आकस्मिक निधन पर सभी राजनी. तिक दलों के नेताओं ने घर जाकर सांत्वना दी। पूर्व प्रधान ओमवीर देवी ने अपने जीवन में गांव के विकास एवं समाज सेवा की है।

उन्होंने अपने पुत्रों की गरीब मजदूर की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। शनिवार को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री यशवीर सिंह ने गांव में आकर हरेंद्र उर्फ हरिया की माता के निधन पर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हर संभव उनके साथ हैं। इससे पूर्व सांसद चंदन चौहान, पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि, पूर्व विधायक अतुल खटीक, अर्जुन काली, अमल खटीक, हरिभुषण खटीक नरेशपाल सिंह, आरपी सिंह, नरेंद्र सिंह देशवाल प्रमुख, संजय जाटव, राहुल प्रमुख आदि ने घर जाकर सांत्वना दी।

# भाजपा परीक्षितगढ़ मंडल की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** भारतीय जनता पार्टी परीक्षितगढ़ मण्डल की मासिक बैठक शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य अतिथि हस्तिनापुर विधानसभा संयोजक सोनू त्यागी और विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सोनवीर तथा संचालन मण्डल महामन्त्री संजीव शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सोनू त्यागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। ब्लाक प्रमुख ब्रह्म सिंह ने विकास कार्यों में कार्यकर्ताओं की सहभागिता पर जोर दिया। इस अवसर पर पूर्व महामन्त्री अंकित त्यागी, मण्डल उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष मोनू सैनी, मण्डल उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र, राज. कुमार, लीलू जाटव, पंकज त्यागी सहित मण्डल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सेक्टर संयोजक उपस्थित रहे।

## गांव महमूदपुर सिखेड़ा प्रकरणः हत्याकांड में शामिल युवक को भेजा जेल

### मृतक के बड़े भाई को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव महमूदपुर सिखेड़ा में बड़े भाई ने जमीन हड़पने को लेकर छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस ने बड़े भाई को गिरफ्तार कर उसकी निशान देही पर शव बरामद कर लिया था। इसी मामले में प्रकाश में आये एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि क्षेत्र गांव महमूदपुर सिखेड़ा में अंकुर उर्फ अंकुल की बड़े भाई कपिल ने जमीन हड़पने को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। और शव को सेंचुरी जंगल में दफना दिया था। मौसी जयबिरी की तहरीर पर पुलिस ने कपिल की निशान देही पर शव को बरामद कर लिया था। पुलिस ने कपिल को तो जेल भेज दिया था। पुलिस ने जांच करने के बाद प्रकाश में आये महमूदपुर सिखेड़ा सचिन पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश अंकुर हत्याकांड में कपिल के सहयोग करने के आरोप में क्षेत्र के गांव तजपुरा तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# फाइबर स्क्रैप और कबाड़ में पड़े रुई के ढेर में लगी आग

### अच्छरोन्डा गांव का है मामला, ग्रामीणों ने फैक्ट्री के बाहर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के अच्छरोंडा बहादरपुर रोड पर बिल्डरों की मिली भगत से कई अवैध फैक्ट्रियां बन गई हैं जहां फैक्ट्री मालिक अपने फैक्ट्री से निकलने वाले कचरे को आए दिन खाली पड़े प्लाट में जला देते हैं किसका धुआं गांव अच्छरोंडा के लोगों के लिए मुस. ीबत का सबब बनता जा रहा है।

- धुएं के गुब्बार से गांव के लोगों में फैली दहशत, सांस लेने में हो रही थी परेशानी
- फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण

ऐसा ही मामला शनिवार सुबह देखने को मिला गांव के पास खाली पड़े प्लाट में जेके फाइबर इंडस्टरीज के मलिक गौरव गर्ग व अभी गर्ग सहित अपराजिता स्पिनिंग मिल कंपनी के मालिक नीरज मित्तल के द्वारा फाइबर स्क्रैप और रुई के ढेर में आग लगवा दी गई आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि आसपास की फैक्ट्री को भी खतरा हो गया और अच्छरोंडा गांव धुएं के गुबार में तब्दील हो गया। इसके बाद गांव के लोगों को सांस लेने में काफी दिक्कत आने लगी तो ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद ग्रामीण अपराजिता स्पिनिंग मिल के बहार धरने पर बैठ गए और भारत केमिकल इंडस्टरीज, अपराजिता स्पिनिंग मिल, जेके फाइबर इंडस्टरीज जैसी फैक्ट्री के मालिको पर कार्रवाई की मांग की, वहीं ग्रामीणों ने कहा कि जब से यहां अवैध रूप से फैक्ट्रियां बन रही हैं तब से गांव में कैंसर के पीड़ित बढ़ते जा रहे हैं। भारत केमिकल इंडस्ट्रीज सहित कई फैक्ट्रियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि यहां पर अवैध रूप से कीटनाशक सल्फर आदि केमिकल बनाए जा रहे हैं और गंदा पानी जमीन में उतारा जा रहा है जिससे गांव का पानी भी खराब हो रहा है और दिन रात लोगों को सांस लेने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही इन अवैध फैक्ट्री पर कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण बड़े आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे घंटो चले धरना प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने सभी फैक्ट्री मालिकों को चेतावनी दी कि अगर पर्यावरण और पानी को खराब करने में किसी फैक्ट्री की भूमिका मिली तो ग्रामीण उस फैक्ट्री के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## नौचंदी मेले में सैफी खिदमत-ए खलक फाउंडेशन ने लगाई स्थाई प्याऊ

### सपा नेताओं ने किया उद्‌घाटन, भीषण गर्मी में मिलेगी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुप्रसिद्ध प्रांतीय नौचंदी मेले में भीषण गर्मी को देखते हुए सैफी खिदमत-ए-खल्क फाउंडेशन रजिस्टर्ड की ओर से किश्ती वाला गेट पर स्थाई जल सेवा शिविर लगाया गया। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया।

इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री व सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शकील भारती सैफी तथा पूर्व नेता पार्षद दल अफजाल सैफी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में जल ही जीवन है, जल बचाओ-धरती बचाओ के नारे भी लगाए गए। आयोजकों ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व आमजन को गर्मी से राहत देने के लिए यह प्याऊ नौचंदी मेले की समाप्ति तक लगातार चलती रहेगी। इस अवसर पर शेख शाहिद अहमद, रिटायर्ड दरोगा रहीमुद्दीन सैफी, हाजी यामीन सैफी, डॉ. अल्लाह नूर, सफदर रियाज सैफी, हाजी इकराम. ुद्दीन सैफी, सलमान सैफी, मुस्तकीम सैफी, शहंशाह आलम सैफी, शफीक अहमद सैफी, असलम मंसूरी, मोहम्मद, सिद्धांत सिंह जाटव, मोहम्मद आतिफ सैफी, मोहम्मद चांद सैफी राष्ट्रीय सचिव समाजवादी मजदूर सभा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सरधना थाने पहुंचे एसपी देहात, अभिलेखों से लेकर सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को मेरठ के एसपी देहात अभिजीत कुमार ने सरधना थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की पड़ताल की। करीब चार बजे थाने पहुंचे एसपी देहात ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों की स्थिति, सुरक्षा प्रबंधों और जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति डेस्क और अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के रखरखाव और अद्यतन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए उन्हें व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। एसपी देहात ने थाना परिसर में आने वाले फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने मालखाने का निरीक्षण कर वहां रखे गए माल की देखरेख एवं रिकॉर्ड की जांच की। बंदी गृह का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता का भी परीक्षण किया गया। वहीं सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की कार्यक्षमता की समीक्षा करते हुए सभी कैमरों को नियमित रूप से संचालित रखने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। एसपी देहात ने अधिकारियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील और पारदर्शी होना चाहिए, जिससे लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके। इस दौरान थाना प्रभारी समेत थाने का समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।



**सरधना थाने में निरीक्षण करते एसपी देहात अभिजीत कुमार।**

## न्यायालय से सेवा. निवृत्त कर्मचारी पुर्ननियुक्ति के लिए 17 तक होंगे आवेदनः जिला न्यायधीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला न्यायाधीश मेरठ अरविन्द कुमार मिश्रा-द्वितीय ने बताया कि उच्च न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में जनपद न्यायालय मेरठ में अर्दली पीयोन ऑफिस पीयोन फर्राश के आठ पद, चौकीदार वाटरमैन स्वीपर माली कूली भिश्ती एवं लिफ्टमैन के चार पदो पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण की पुर्ननियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र 17 जून की सांय 5 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय जिला न्यायाधीश मेरठ में प्राप्त किये जायेंगे। जो कर्मचारी 30 जून 2026 तक सेवानिवृत्त हो रहे है वे भी पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पदो पर पुर्ननियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी गण का कार्यकाल, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नई नियुक्ति पदोन्नति होने तक अथवा एक वर्ष के लिए जो भी न्यूनतम हो।

## कुकर्म का प्रयास करने वाले फरार आरोपी पुलिस ने दबोचे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी थाना क्षेत्र के गांव बहरामपुर में ट्यूबवेल पर नहा रहे 11 साल का बच्चा अपने दोस्तों के साथ नहा कर लौट रहा था तभी दिल्ली से गाड़ी में आए कुछ व्यक्तियों ने उसके साथ गंदी हरकत की और कुकर्म का प्रयास किया तभी बच्चों ने चीख पुकार मचा दी। तभी ग्रामीणों की मदद से एक आरोपी को दबोच लिया बाकी आरोपी फरार हो गए।

सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पीड़ित पिता की तहरीर पर मुक. दमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी और आरोपी की तलाश में जुट गई। वहीं शनिवार को पुलिस ने जानी गंग नहर से तीन व्यक्तियों को दबोच लिया। आरो. पियों की पहचान आयुष पुत्र मुक. ेश, विशाल पुत्र महिपाल, आशीष पुत्र देवेंद्र, भारत पुत्र सुरेंद्र निवासी दिल्ली के रूप में हुई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अगर किसी ने भी माहौल खराब करने की कोशिश की तो तुरंत कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# डाक्टर अन्जुम जमाली को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली रोड स्थित चेंबर में डाक्टर अंजुम जमाली की याद में एक कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें डाक्टर अंजुम जमाली अवार्ड साहित्य पर्यावरण पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को दिए गए।कार्यक्रम में मौजूद कलाकार रजा मुराद को लाइफटाइम अवॉर्ड खुशबू शर्मा को शायरी सत्यपाल, सत्यम, कविता व मुमताज को मीडिया तथा किठौर विधायक शाहिद मंजूर को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने डाक्टर अंजुम जमाली के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि डाक्टर अंजुम जमाली न सिर्फ महान शायर व अफसाना निगार और पत्रकार थे बल्कि एक महान इंसान भी थे।

कार्यक्रम का आरंभ अब्दुल आहद ने कुराने-ए-पाक की पंक्तियां सुना कर किया। डाक्टर पोपलर मेरठी व डाक्टर विशाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम आरंभ किया साथ ही इंजीनियर रिफअत जमाली ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी मेहमानों का स्वागत किया कार्यक्रम में कामिनी, मोहम्मद शान, नाजिश जमाली, डाक्टर रचना शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में 53 शिकायतों में से मात्र 5 का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में विधायक कैंट अमित अग्रवाल व जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधायक व जिलाधिकारी ने अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्ताप. रक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

- डीएम व मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील परिसर में किया पौधारोपण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील परिसर में पौधारोपण भी किया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराई जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले, एसडीएम सदर दीपक माथुर, सीएमओ डॉ. राम प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, आमजन तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रसूलपुर धौलडी के किसान पहुंचे हरिद्वार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को मेरठ के जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी के किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति पार्टी के डाक्टर अली मेहंदी अपने किसान भाइयों के साथ भारतीय किसान यूनियन पहुंचे श्रमिक जनशक्ति की तरफ से तीन दिन का चिंतन शिविर हरिद्वार में प्रतिवर्ष लगाया जाता है।

जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कमलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता आदित्य चेतन राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्णगिरी किसान यूनियन जिला अध्यक्ष मेंहदी असगर भी पहुंचे और अपने विचार रखे। प्रदेश सचिव डाक्टर अली मेहंदी और समस्त जनपदों तहसील और ब्लाकों के पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा उसमें किसानों के लिए की समस्याओं पर चर्चा की गई। डॉ. अली मेहदी काजमी युवा प्रदेश सचिव है उन्होंने बताया कि जो किसान का मित्र है वहीं सच्चा देश प्रेमी है। यह देश किसानों का देश है क्योंकि किसान और मजदूर ही इस देशवासियों का पालन पोषण करता है असली मालिक देश का किसान और मजदूर है और आज वह अपनी समस्याओं से ग्रसित है। सरकार को इसकी विशेष रूप से समस्याओं का निदान करना होगा नहीं तो यह देश के मालिक देश के चलने वाले को बदल देंगे। उन्होंने अपने दिल की बात एक शेर से समझा दी। खेतों में बहता है पसीना किसान का तब जाकर भरता है पेट इंसान का,, एक दिन जी कर देखें केसा कटता है हम लोग तो बड़े आराम से ऐसी कुलर में मोज मस्ती से रहते हैं।

# बिजली का कनेक्शन काटे जाने से आहत होकर युवक ने की आत्महत्या

## परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस से की कार्रवाई की मांग



मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बागपत जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के असारा गांव में बिजली का कनेक्शन काटे जाने से आहत एक युवक ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरा. ेप लगाया है और न्याय की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

असारा गांव निवासी अमजद गाड़ी चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मां लंबे समय से बीमार थीं। घटना के दिन अमजद घर पर था, तभी विद्युत विभाग के जेई और लाइनमैन गांव पहुंचे। अमजद पर करीब 29,200 रुपये का बिजली बिल बकाया था। विद्युत कर्मचारियों ने बिल जमा करने को कहा। अमजद ने एक सप्ताह का समय मांगा और पूरा बिल जमा करने का आश्वासन दिया, लेकिन कर्मचारियों ने उसकी बात नहीं सुनी और घर की बिजली काट दी। अमजद और उसके भाई मोहसिन ने अपनी मां की बीमारी का हवाला देते हुए भी एक सप्ताह का समय मांगा था। बिजली काटे जाने से आहत होकर अमजद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी शादी कुछ समय पहले ही हुई थी। अमजद के परिजनों का आरोप है कि विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ही अमजद की जान गई है। अमजद के भाई मो. हसिन ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान नदीम अहमद ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटना किसी के साथ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वयं किसी भी व्यक्ति की बिजली काटने से मना किया है, उसके बावजूद ऐसी कार्रवाई पूरी तरह गलत है। उन्होंने विद्युत कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस मामले में मुख्यमंत्री से भी न्याय की गुहार लगाई गई है।

# खुशी राणा ने जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दाहा।** गांव की खुशी राणा ने उड़ीसा के खोरदा में आयोजित जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। इस जीत से उन्होंने अपने जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खुशी राणा दाहा गांव निवासी तरुण राणा की पुत्री हैं। वह मेरठ के बीआईटी ग्लोबल स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा हैं और स्पोर्ट्स एंड कल्चर एकेडमी, मेरठ में किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके कोच उदयवीर सिंह सैनी के अनुसार, खुशी ने 30 मई से 3 जून तक उड़ीसा के खोरदा में हुई जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। खुशी राणा इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर की एक प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। ग्रामीणों ने खुशी राणा की सफलता को ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए एक उदाहरण बताया है। उनका कहना है कि यह उपलब्धि सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है, जो क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाएगी। खुशी राणा के स्वर्ण पदक जीतने पर विनेश राणा, प्रेम सिंह, जयपाल, अनिल और अंकुर राणा सहित कई ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि गांव पहुंचने पर खुशी का स्वागत किया जाएगा।

# अवैध निर्माण पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए: साध्वी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत पहुंचीं साध्वी प्राची ने गाजियाबाद के चर्चित सूर्य हत्याकांड को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस मामले पर अब तक किसी भी मौलवी या मौलाना की ओर से कोई बयान नहीं आया है, जो कई सवाल खड़े करता है।

साध्वी प्राची ने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर फतवे जारी करने वाले लोग सूर्य हत्याकांड पर चुप्पी साधे हुए हैं। उनके अनुसार, किसी भी मौलवी या मौलाना ने घटना पर दुख व्यक्त नहीं किया और न ही इसकी निंदा की। उन्होंने मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि वहां गलत विचारधारा को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी शिक्षाएं समाज में कट्टरता को बढ़ावा देती हैं। साध्वी प्राची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि सूर्य हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की मांग की। उन्होंने प्रदेश में अवैध रूप से संचालित मदरसों और धार्मिक स्थलों पर भी चिंता व्यक्त की। बागपत में अवैध निर्माणों पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध निर्माण पाए जाएं, वहां कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। अपने संबोधन में साध्वी प्राची ने हिंदू समाज की जनसंख्या को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रहने और अपने सामाजिक भविष्य को लेकर जागरूक होने की आवश्यकता है। हालांकि, साध्वी प्राची के ये बयान उनके व्यक्तिगत विचार हैं। मदरसों, धार्मिक समुदायों या किसी समूह के संबंध में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। कानून-व्यवस्था और आपराधिक मामलों की जांच संबंधित एजेंसियों द्वारा साक्ष्यों के आधार पर की जाती है।



# क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद के बाद युवक की उपचार के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** थाना क्षेत्र के बावली गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि आरोपित युवक अपने घरों पर ताले लगाकर फरार बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार बावली गांव निवासी राशिद दो दिन पहले गांव में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका अन्य युवकों से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर राशिद के सिर पर क्रिकेट बैट से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में दिल्ली के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि आरोपित युवकों ने जानबूझकर राशिद के साथ मारपीट की थी। युवक की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

संबंध में कोतवाली प्रभारी कुमार दीक्षित त्यागी ने बताया कि मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के ओसिक्का गांव निवासी संदीप ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके खेत से अवैध तरीके से मिट्टी का खनन किया गया है और पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उन पर समझौते का दबाव बनाया। संदीप के अनुसार, ईदरीशपुर के ही कुछ लोगों ने उनके खेत से अवैध रूप से मिट्टी निकाली। जब उन्हें इस अवैध खनन की जानकारी हुई, तो वे खनन करने वालों के पास पहुंचे और शिकायत की। हालांकि, आरो. पियों ने उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें डरा-धमकाकर भगा दिया। इसके बाद संदीप बड़ौत की औद्योगिक चौकी पहुंचे और चौकी इंचार्ज से शिकायत की। पीड़ित का आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने मामले में कार्रवाई करने के बजाय उन पर समझौते का दबाव बनाया और कोई कार्रवाई नहीं की। इस स्थिति से संदीप परेशान हैं। उनका कहना है कि खेत को ऊंचा-नीचा छोड़ दिया गया है, जिससे उसमें फसल उगाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने अवैध मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और चौकी पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं।

# तहसील दिवस में प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शनिवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक नेता सिनियर सिटीजन समाज सेवी जितेन्द्र तोमर ने 84 कोशी ब्रज पैदल परिक्रमा के बाद तहसील समाधान दिवस पर प्रदर्शन कर एस डीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौपा।

उन्होने एक महिना पहले प्रशासन को डाक से आवेदन भेज विभिन्न जन मुद्दों का हल न होने पर 84 कोशी ब्रज पैदल परिक्रमा करने के बाद धरना देने की चेतावनी दी थी। समस्या का समाधान न होने पर उन्होने 31 म ई को 84 कोशी परिक्रमा शुरु की तथा पाँच जून को वापस आए। वापस आते ही बगैर किसी शारिक व मानसिक थकान की चिंता किए। आज तहसील समाधान दिवस पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा। माँगे बडौत बिनौली रोड सर्विस रोड से अतिक्रमण नहीं हटाने वाले नवीन जैन प्रवीण जैन रमेश आदी के खिलाफ कार्यवाही कर अतिक्रमण हटा कर सर्विस रोड बनवाने की माँग की जिस पर लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी को आदेशित किया गया। ग्राम पंचायत सिरसली के चमार तालाब पट्टी मोरीवाला व रमतल तालाब पट्टी मावी के खुदाई सफाई की माँग की जिस पर बीडीओ बिनौली को आदेश दिए। बडौत के लेखपाल शैलेश की नियम विप. रीत दस साल से एक ही स्थान पर नियुक्ति व सीएम पोर्टल की शिकायत का गलत निस्तारण करने तथा उसकी आय से अधिक सम्मपत्ति की माँग की तथा बावली चूँगी बडौत रोडवेज बस स्टेड भूमी की नापतौल कर कार्यवाही की माँग की। इस पर तहसीलदार को कार्यवाही के आदेश दिए शरीर के चलाय मान रहते जन मुद्दो पर संघर्ष जारी रहेगा।

# प्रकृति, संस्कृति और प्रगति-पर्यावरण संकट का भारतीय समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, हापुड़ शिक्षा केंद्र (मेरठ प्रांत) तथा जनता वैदिक कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयुक्त तत्वाधान में, विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन 5 जून रात्रि 8 बजे किया गया।

संगोष्ठी का मुख्य विषय प्रकृति, संस्कृति और प्रगति- पर्यावरण संकट का भारतीय समाधान निर्धारित किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ डा.प्रशांत मिश्रा ने गायत्री मंत्र उच्चरित कर किया। संगोष्ठी का कुशल संचालन डा.अनुपम तिवारी ने किया। विषय की भूमिका हापुड़ शिक्षा केंद्र की प्रभारी प्रोफेसर नीलम कुमारी ने सभी के समक्ष रखी। तदोपरांत डा.तारक. ेश्वर नाथ ने अतिथियों का परिचय कराया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एडवोकेट एवं पर्यावरण विद् भारत भूषण गर्ग ने कहां कि जल जंगल और जमीन का संरक्षण करना मानव का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा से लेकर रक्षाबंधन तक का समय वृक्षारोपण के लिए सर्वोचित है। उन्होंने हरी शंकरी (पीपल, बरगद एवं पिलखन का एक साथ) रोपण करने का सभी से आग्रह किया। जनता वैदिक कॉलेज के समन्वयक प्रोफेसर जीपी सिंह ने कहा कि हमारे देश में सदियों से पर्यावरण को प्राथमिकता दी गई है, जिसके चलते हमेशा से प्रकृति की पूजा भी की जाती है। जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीपी सिंह ने कहा कि प्रकृति स्वयं पर्यावरण को संतुलित करती रहती है। जनसंख्या पर नियंत्रण करना पर्यावरण संरक्षण के लिए अद्भुत पहल होगी। क्षेत्रीय विषय संयोजक एवं प्रांत के पलक प्रोफेसर हरेंद्र सिंह ने अपने आशीर्वचन से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। संगोष्ठी के अध्यक्ष डा.सुशील सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही स्वस्थ जीवन की परिकल्पना की जा सकती है। प्रकृति में खाद्य जल व अन्य सामग्रियों के स्रोत निश्चित हैं अतः हमें इनके दोहन से बचना चाहिए। हापुड़ शिक्षा केंद्र के संयोजक उमेश सेनरा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया स अंततः उमेश सेनरा ने कल्याण मंत्र का उच्चारण कर संगोष्ठी के समापन की घोषणा की। संगोष्ठी में प्रांत के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मलिक, डा. नीरज कौशिक, प्रोफेसर ब्रह्मपाल सिंह, डा.कुष्मांडा आर्य डा.कुसुम त्यागी, नविता त्यागी, अन्य प्रबुद्ध जन तथा अनेक छात्र उपस्थित रहे।

# तहसील समाधान दिवस में 15 शिकायतें मिलीं, 6 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह, उपजिला. धिकारी खेकड़ा मनीष यादव, तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी खेकड़ा रोहन चौरसिया मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात ध्यानपूर्वक सुनी और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। प्राप्त 15 शिकायतों में से 14 राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जबकि एक शिकायत राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़ी थी। इन शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सीमांकन और अवैध कब्जे जैसे मामले शामिल थे। अधिकारियों ने मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण करने के बाद शेष लंबित शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने जोर दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने विभागों को शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरतने और निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।



# संस्कार शिविर में आर्य वीरों को प्राकृतिक संसाधनों के विषय में विस्तार से समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर संस्कार शिविर में आर्य वीरों को प्राकृतिक संसाधनों के विषय में विस्तार से समझाया गया। आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा आयोजित चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आवासीय संस्कार शिविर के तीसरे दिन आर्य वीरों ने लाठी का प्रशिक्षण लिया।

बौद्धिक सत्र में झारखंड हजारीबाग से आए डा.मिथिलेश कुमार दांगी राष्ट्रीय संयोजक आजादी बचाओ आंदोलन ने आर्य वीरों को संबोधित करते हुए कहा प्राकृतिक संसाधन हमारे भविष्य की निधि है, जिनकी आज लूट हो रही है। हमारे देश के अंदर 1990 में 12000 विदेशी कंपनियां थी परंतु आज 110000 विदेशी कंपनियां है। जो भारत के संसाधनों का दोहन कर रही है। देश के अंदर 29 लाख स्वदेशी कंपनी है जिनमें से 19 लाख सक्रिय कंपनी है। हमारे देश में 6 लाख गांव है। सक्रिय कंपनियों में से औसत प्रति गांव तीन कंपनी हिस्से में आती है, ऐसे में गांव का विकास होना चाहिए, अगर पूंजी निवेश से ही विकास होता है परंतु इसके विपरीत गांव की लूट हो रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। खनन कंपनियों से देश के जल संसाधन और प्राण वायु का खतरा बढ़ गया है अगर यह परियोजना ऐसे ही चलती रही वह दिन दूर नहीं है जब भविष्य में देश के हर नागरिक की पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर दिखाई देगा। हमारा जीवन उनके हाथों गुलाम हो जाएगा। देश में सड़क मंत्रालय के अनुसार कल 65 लाख किलोमीटर सड़क की लंबाई है। यदि इन सड़कों के किनारे सोलर ऊर्जा से बिजली प्राप्त की जाए तो किसानों की एक इंच जमीन भी ऊर्जा निर्माण के लिए नहीं ली जाएगी। जिससे देश में पलायन और विस्थापन की समस्या खत्म होगी और खेती योग्य जमीन के बचने के कारण लंबे समय तक हमारा देश खाद्यान्न के लिए आत्मनिर्भर बना रहेगा। आज जीरो तकनीक छोटी-छोटी चीजों को बनाने के लिए भी विदेशी कंपनिया काम कर रही हैं जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। मुनाफा विदेश में पलायन कर रहा है। इसरो की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में 98 मिलियन हेक्टेयर जमीन बंजर होने की ओर बढ़ रही है। इस अवसर पर शिविर अध्यक्ष धर्मपाल त्यागी, मीरा वर्मा, सभा मंत्री रवि शास्त्री, कपिल आर्य, हरेंद्र आर्य, राजवीर त्यागी आदि उपस्थित रहे।




# मुबारिकपुर तालाबों में जंगली घास बनीं पशुओं का काल, सफाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में तालाबों की खराब स्थिति को लेकर एक समाजसेवी ने समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीण ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि तालाबों में फैली जंगली घास और जलकुंभी के कारण कई पशुओं की डूबकर मौत हो चुकी है।

मुबारकपुर निवासी शिवनंदन पुत्र आसाराम ने शनिवार को खेकड़ा तहसील में उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि गांव के कई तालाबों की लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। इन तालाबों में अत्यधिक जंगली घास उग आई है ओर घास का मक्कड़जाल बना हुआ है, जिससे पानी के ऊपर एक घना जाल बन गया है। पशु पानी पीने या उसमें उतरने के दौरान इस घास में फंस जाते हैं और बाहर नहीं निकल पाते। शिवनंदन के अनुसार, पिछले कुछ समय में कई भैंस और अन्य पशु इस समस्या के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्होंने 3 3 जून की एक घटना का जिक्र किया, जब गांव के एक व्यक्ति की भैंस तालाब में फंस गई थी। ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला। समाजसेवी ने प्रशासन से सभी तालाबों की जल्द सफाई कराने और जंगली घास हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में पशुओं के साथ ऐसी दुर्घटनाएं न हों। उपजिलाधिकारी मनीष यादव ने शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# मस्जिद से निकले बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के तुगाना गांव में दो किशोरों के बीच मामूली कहा. सुनी का मामला अगले ही दिन हिंसक झगड़े में बदल गया। पीड़िता आमना पत्नी ताहिर ने छपरौली थाने पर शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसके नाबालिग बेटे के साथ हुए विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शिकायत के अनुसार, 5 जून की शाम करीब 7 बजे उसका 14 वर्षीय बेटा जब्बार मस्जिद से नमाज पढ़कर बाहर निकल रहा था। इसी दौरान गांव निवासी युवक से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों के बीच कहासुनी हुई और थप्पड़ चलने के बाद मामला पुलिस चौकी तक पहुंच गया। पीड़िता का कहना है कि अगले दिन पुलिस चौकी में समझौते की बात चल रही थी और शाम 6 बजे दोनों पक्षों को बुलाया गया था, लेकिन इससे पहले ही शनिवार दोपहर करीब एक बजे चार पांच मिलकर कथित रूप से उसके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। महिला ने आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने पहुंची एक महिला को भी आरो. पियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट की। घटना में दोनों महिलाओं को चोटें आईं, जबकि पीड़िता के शरीर पर किसी नुकीली वस्तु से वार किए जाने का भी आरा. ेप लगाया गया है, जिससे कई स्थानों पर खून निकल आया। पीडित महिला का आरोप है कि छपरौली पुलिस ने उसका मेडिकल भी नही कराया है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विशेष यादव से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

राजेन्द्र यादव पुत्र जयराम निवासी कस्बा अमीनगर सराय तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र प्रदीप व पुत्रवधू सीमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

ओमप्रकाश पुत्र दीपचन्द निवासी ग्राम ख्वाजा नंगला थाना छपरौली जनपद बागपत।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बडौत (बागपत)**

पत्रांक-कृ.उ.म.स./ दु.आ./2026/61 दिनाँक 06/06/2026

**आवश्यक सूचना**

**त्रुटि सुधार**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति बडौत द्वारा दिनांक 27.05.2026 मे समाचार पत्र मे विज्ञापित रिक्त दुकानो की नीलामी मे दि गयी दुकान संख्या फल/सब्जी की स-श्रेणी की दुकान संख्या 5स2 त्रुटिवश 1स2 अकित हो गयी है, जिसे 1स2 के स्थान पर 5स2 पढा जाये।

**जगदीशपाल सिहं**
**प्रभारी सचिव**

**भावना सिहं**
**उपजिलाधिकारी/सभापति**

# आरक्षी भर्ती परीक्षा में नहीं चलेगी कोई गड़बड़ी

## डीएम-एसपी ने केंद्रों पर पहुंचकर परखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शनिवार को जिलाधिकारी कविता मीना और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पिलखुवा क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से



संबंधित व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को शासन की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क निगाह रखी जाए और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अभ्यर्थियों को सुगमता से परीक्षा दिलाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल तैनात है और प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क निगाह रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अवैध गतिविधि करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## धौलाना के काजीवाड़ा में ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** कस्बे के काजीवाड़ा मोहल्ले में स्थित मदरसे के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें और धुआं उठता देख स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबल लीड में अचानक चिंगारी उठी, जिसके बाद आग ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई। कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर पूरी तरह आग की चपेट में आ गया। घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे काजीवाड़ा सहित आसपास के कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विद्युत अवर अभियंता बृजेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में केबल से निकली चिंगारी के कारण ट्रांसफार्मर में आग लगने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते कई स्थानों पर विद्युत भार बढ़ने से ओवरलोडिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। संभावना है कि ओवरलोड के कारण भी यह घटना हुई हो। अवर अभियंता ने कहा कि जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच भी की जा रही है।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने आई महिला और ट्रेनी नर्स में विवाद, मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सीएचसी अस्पताल में आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने पहुंची एक महिला और ट्रेनी नर्स के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसके बाद पूरे मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ देहात क्षेत्र स्थित सरकारी सीएचसी अस्पताल में एक महिला अपनी बेटी के साथ आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर महिला और अस्पताल में कार्यरत ट्रेनी नर्स के बीच विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद मामला हाथापाई में बदल गया। महिला का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद नर्सिंग स्टाक उसकी बेटी को देखकर हंस रहा था। उसने बताया कि पहले एक युवती ने उसकी बेटी को देखकर मुस्कराया और बाद में अपनी एक अन्य साथी को बुलाकर भी कुछ कहा, जिसके बाद दोनों हंसते हुए वहां से चली गईं। महिला का कहना है कि जब उसने इस बारे में आपत्ति जताई और कारण पूछा तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। विवाद बढ़ने पर महिला का गुस्सा फूट पड़ा और उसने ट्रेनी नर्स के साथ मारपीट कर दी। घटना के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा सुनकर



अस्पताल के कर्मचारी और अन्य लोग मौके पर पहुंच गए तथा दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान महिला ने वहां मौजूद कुछ अन्य कर्मचारियों के साथ भी तीखी बहस की। जिसके चलते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों के बीच इसे लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। हालांकि वायरल वीडियो और दोनों पक्षों के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की ओर से आगे की कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है।

## कांग्रेस में बढ़ा जनाधार, डालचंद शर्मा बने जिला महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के अभियान के तहत शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने अर्जुन नगर निवासी डालचंद शर्मा को जिला महासचिव नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष ने उनके आवास पर पहुंचकर मनोनयन पत्र सौंपा और फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर राकेश त्यागी ने कहा कि जिले में कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। विभिन्न वर्गों के लोग पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। साथ ही संगठन में जिम्मेदारी निभाने के लिए भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए लगातार नए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मजबूत प्रदर्शन कर प्रदेश में सरकार बनाना तथा वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। उनका कहना था कि देश का युवा वर्ग बदलाव चाहता है और बड़ी संख्या में राहुल गांधी के नेतृत्व पर भरोसा जता रहा है। नवनियुक्त जिला महासचिव डालचंद शर्मा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों को लेकर पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा, जिला महासचिव गौरव गर्ग, विचार प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सीमा शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन डा. पदम सिंह साहनी, जिला महासचिव रामलाल आर्य, जिला महासचिव संजय छाबड़ा, कंट्रोल रूम प्रभारी गोपाल भारती समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## फायर विभाग का सख्त अभियान, होटलों-रेस्तरां में हुआ फायर ऑडिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अग्निशमन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए होटलों, रेस्तरां, क्लबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में व्यापक जांच अभियान चलाया। महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर संचालित स्कीम संख्या-05 के तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी हापुड़ के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फायर ऑडिट, अग्निशमन उपकरणों की जांच, प्रशिक्षण तथा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान हापुड़ शहर में गढ़ रोड स्थित ग्रीन होटल एवं उदय होटल एंड रेस्टोरेंट, पिलखुवा



में विभिन्न प्रतिष्ठानों तथा गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में कई ढाबों और व्यावसायिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। फायर विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर भवनों में स्थापित अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की और सुरक्षा मानकों का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल एवं रेस्तरां प्रबंधन के साथ-साथ कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रतिष्ठानों में पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास मार्ग तथा सुरक्षा उपकरण हर समय कार्यशील स्थिति में होने चाहिए। फायर विभाग ने चेतावनी दी है कि जिन भवनों में अग्निशमन मानकों की कमी पाई गई है, उन्हें नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अग्नि सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## न्याय के लिए भटक रही दिव्यांग महिला, पहुंची समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाने में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई न होने से परेशान एक दिव्यांग महिला न्याय की आस लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पहुंची। महिला ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपकर पति, ससुराल पक्ष और अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत दिए एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल सका है, जिसके कारण उसे बार-बार अधिकारियों और थाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

महिला शशि निवासी गांव मूढ़ा नगला हाल निवासी रजापुर ने शिकायत में बताया कि विवाह के बाद से ही उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति और ससुराल पक्ष के लोग बुलेट मोटरसाइकिल, प्लॉट और नकदी की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करते रहे। कई बार समझौते के प्रयास हुए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विवाह कराने वाले कुछ लोगों ने भी आर्थिक लाभ के लिए दबाव बनाया और विरोध करने पर धमकियां दीं। महिला का कहना है कि उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद वह अपने मायके पहुंची और न्याय के लिए संघर्ष कर रही है। दोनों पैरों से दिव्यांग महिला ने अधिकारियों को बताया कि वह शारीरिक रूप से बेहद कमजोर स्थिति में है और घुटनों के बल चलकर अपने काम निपटाने को मजबूर है। इसके बावजूद वह लगातार थाने और प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काट रही है, लेकिन अभी तक उसकी शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। समाधान दिवस में महिला ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है कि एक दिव्यांग महिला को न्याय के लिए बार-बार प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में रहने वाले युवक को घर से बुलाकर एक ढाबे के निकट ले गए दूसरे समुदाय के युवकों ने बाइक की चाबी से गले में घूस दिया। घायल को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में वह जिंदगी मौत की जंग लड़ रहा है।

गांव निवासी ललित कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई वासू ऊर्फ पासू मजूदरी करता है। उसके भाई को दूसरे समुदाय के युवक दोस्त बनाकर अपने साथ हाईवे स्थित एक ढाबे पर ले गए। वहां पर ले जाकर आरोपियों ने उसके गले में चाबी से हमला कर दिया। चाबी उसके गले में घूस गई। उसके बाद आरोपियों ने उसके सिर में धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अवैध प्लाटिंग कर भूमि पर निर्माण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव सेहल निवासी एक व्यक्ति ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम बहादुरगढ़ स्थित भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर ग्राम समाज की भूमि पर निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित परमजीत निवासी गांव सेहल ने बताया कि गांव बहादुरगढ़ स्थित भूमि पर राजकुमार तथा फौजी समेत कुछ अन्य लोग बिना वैधानिक अनुमति के अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। आरोप है कि प्लाटिंग के दौरान बहादुरगढ़ चौराहे से सेहल जाने वाले सार्वजनिक मार्ग की भूमि को भी संबंधित खसरों में शामिल कर लिया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि बहादुरगढ़ चौराहे पर ग्राम समाज की भूमि पर एक दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा उक्त भूमि पर मौजूद करीब 80 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को भी काटने की तैयारी की जा रही है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने निर्माण कार्य का विरोध किया तो संबंधित लोगों ने दबंगई दिखाते हुए धमकी दी और कार्रवाई न होने की बात कही।बताया कि उसने चार दिन पूर्व हल्का लेखपाल से मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण रुकवाने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध प्लाटिंग और निर्माण कार्य रुकवाने, ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में उपजिलाधिकारी श्रीराम सिंह यादव ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## भाकियू की मासिक पंचायत का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शुक्रवार की देर शाम को गंगा नगरी स्थित अमृत परिसर में भाकियू टिकैत की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए किसानों के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष जीते चौहान और नगर गौरव मिश्रा के नेतृत्व में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में युवा किसानों को भी शामिल किया गया। बैठक की अध्यक्षता नंदकिशोर शर्मा ने की। नगर अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने संगठन का विस्तार करते हुए बताया कि नगर संरक्षक महेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामभरोसे शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, रवींद्र गुप्ता, देवेंद्र यादव, महासचिव अरुण गौड़, विधिक सलाहकार हेमंत गौड़, मीडिया प्रभारी कुलदीप शर्मा, राजन कौशिक, प्रवक्ता राजू शर्मा, पंकज पांडे, संगठन मंत्री नितिन कुमार, विशाल निषाद, राहुल उपाध्याय, सचिन राणा, अरुण शर्मा, विकास कुमार,प्रचार मंत्री विकास शर्मा,अमनदीप सिंह,नगर सचिव छोटू शर्मा, शिवा गुप्ता, दीपक यादव, सोनू गोयल, चंदन गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, मनोज यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और देश की उन्नति में उन्हें आगे आकर योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के काफी पदाधिकारी मौजूद रहे

## मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बृजघाट गंगा नगरी स्थित भोगल वाली धर्मशाला के पास रहने वाले दो भाइयों में परिवार के विवाद के चलते आपस में लाठी डंडे चल पड़े, जिसमें कई लोग घायल हो गए। आपस में हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए चौकी में तहरीर दी हैं।

गंगा नगरी निवासी पूरण और लोकेश दोनों भाइयों का मकान बटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा हैं। विवाद के चलते शुक्रवार की देर रात को किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के कहासुनी हो गई। कहासुनी से दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में लाठी डंडे चल गये। जिसके चलते कई लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों भाइयों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी हैं। चौकी प्रभारी सार्थक कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही हैं, वही वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### एक नजर

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों व कच्चे घाट पर बन रहे बांध का किया निरीक्षण

**गढ़मुक्तेश्वर।** जिलाधिकारी ने स्थित नक्का कुआं मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों तथा कच्चा घाट क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और सुरक्षा मानकों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम कविता मीणा ने शुक्रवार की शाम को नक्का कुआं मंदिर परिसर में निर्माणाधीन कार्यों काअवलोकन किया और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ कराए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नक्का कुआं मंदिर गढ़मुक्तेश्वर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। मंदिर परिसर के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कच्चा घाट क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा बरसात के दौरान संभावित कटान को रोकने के लिए कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान तटबंध सुदृढ़ीकरण, बालू और मिट्टी भराई सहित अन्य सुरक्षात्मक कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाएं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन एवं मानवबल उपलब्ध रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए कटान और बाढ़ से बचाव के सभी कार्य समय रहते पूरे किए जाना बेहद आवश्यक हैं। इन कार्यों का उद्देश्य जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा क्षेत्रवासियों को संभावित प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखना है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पीड़ित परिवार को मिला इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्राम बदनौली में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे आरोपित को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पीड़ित परिवार कथित रूप से दबाव और धमकियों के साये में था, लेकिन पुलिस की तत्परता से न केवल मुकदमा दर्ज हुआ बल्कि आरोपित भी सलाखों के पीछे पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले एक परिवार अपनी नाबालिग बेटी के साथ हुई घटना की शिकायत लेकर हापुड़ नगर कोतवाली पहुंचा था। परिजनों का आरोप था कि गांव के कुछ दबंग लोग मामले को दबाने का प्रयास कर रहे थे और पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे थे। परिवार पर गांव में ही समझौता कर मामला खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वे भयभीत और परेशान थे। बताया जाता है कि कोतवाली पहुंचे पीड़ित परिवार की व्यथा की जानकारी जब कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान को मिली तो उन्होंने तत्काल परिवार को बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुकदमा दर्ज करने और आरोपित की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना हापुड़ नगर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए आरोपित की तलाश तेज कर दी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नामजद एवं वांछित आरोपित जोगेंद्र पुत्र ब्रह्मपाल सिंह निवासी ग्राम बदनौली को गांव के बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## यूपी भवन में इरशाद मलिक का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली स्थित यूपी भवन (संगम) में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कन्नौज सदर (एससी) विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मेरठ जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने अखिल भारतीय घुमंतू वीर समाज कल्याण संघ प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश बागपत जनपद के काठा गांव निवासी इरशाद मलिक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण ने इरशाद मलिक के सामाजिक सरोकारों, संगठनात्मक सक्रियता और समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने में निभाई जा रही उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज हित में समर्पित लोगों का सम्मान करना स्वयं में प्रेरणादायक है। इरशाद मलिक ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है, लेकिन इसका वास्तविक श्रेय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद्र जोगी को जाता है, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव काठा से निकलकर समाज के लिए काम करते हुए इस मुकाम तक पहुंचना उनके लिए भावुक और प्रेरणादायक क्षण है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय घुमंतू वीर समाज कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद्र जोगी, भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद तोमर उत्तर प्रदेश संयोजक इसलाम अल्वी, वाजिद खान, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 गरीब परिवारों को डीएम-एसपी ने बांटे आयुष्मान और अंत्योदय कार्ड

**पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही मिला योजनाओं का लाभ, डीएम बोले- कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे**

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**स्वार।** तहसील स्वार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस केवल जनशिकायतों के निस्तारण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत और खुशियां लेकर आया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने विभिन्न विभागों द्वारा सत्यापित 12 पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना एवं अंत्योदय अन्न योजना के कार्ड वितरित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं लाभार्थियों को कार्ड सौंपे। इस अवसर पर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रशासन द्वारा पहले ही संबंधित विभागों के माध्यम से सभी लाभार्थियों की पात्रता की गहन जांच एवं सत्यापन कराया गया था, जिसके बाद उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और इसी दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब और कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा कवच है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी भी व्यक्ति का इलाज प्रभावित नहीं होना चाहिए और यही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। वहीं अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत वितरित किए गए राशन कार्डों से गरीब परिवारों को खाद्यान्न सुरक्षा मिलेगी। इससे उन्हें नियमित रूप से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त होगा, जिससे उनके परिवार के भरण-पोषण में सहायता मिलेगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान जिन लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए उनमें प्रमुख रूप से मुकेश कुमार की पत्नी शब्बो रानी, अजय कुमार की पत्नी सोनिया, सलीम खां की पत्नी शिवा देवी, अजय कुमार की पत्नी शिखा तथा फूल सिंह की पत्नी बबीता शामिल रहीं। मंच पर कार्ड प्राप्त करने के बाद सभी लाभार्थियों ने जिला प्रशासन और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा और खाद्यान्न उपलब्धता का मजबूत सहारा मिला है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़े निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच.ाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करें और उन्हें समयबद्ध तरीके से योजनाओं से जोड़ें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय कार्ड अथवा अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का वास्तविक उद्देश्य है और प्रशासन इसी दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अमन देओल, तहसीलदार आकाश सन्त, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार, वन रेंजर रमाकांत सक्सेना, विधुत विभाग के एस डी ओ, जेई श्याम सिंह, कोतवाली प्रभारी अनुपम शर्मा,स्वार चिकित्सा प्रभारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतें दर्ज

**राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 9 मामले पहुंचे, अधिकारियों ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मिलक।** तहसील सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। कुल 18 शिकायतों में से 9 मामले राजस्व विभाग के थे, जिनमें भूमि की पैमाइश, खतौनी में त्रुटि, वरासत, नामांतरण तथा अन्य भूमि विवाद से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस विभाग से संबंधित 3 शिकायतें दर्ज की गई, जबकि विकास विभाग को 2 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त अन्य श्रेणी में 4 शिकायतें दर्ज की गईं। समाज कल्याण, शिक्षा तथा चिकित्सा विभाग से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार सीमा गंगवार सहित राजस्व, पुलिस, विकास तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का नियमानुसार और समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

# हजरत चिराग अली शाह का तीन दिवसीय उर्स संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मिलक।** नगर के खाता नगरिया स्थित दरगाह हजरत चिराग अली शाह का तीन दिवसीय सालाना उर्स शनिवार को कुल शरीफ और लंगर-ए-कुल के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हो गया। उर्स में जनपद सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी देकर मन्नतें मांगीं तथा देश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआ की। उर्स का शुभारंभ पहले दिन महफिल-ए-मिलाद-शरीफ के आयोजन के साथ हुआ। इसके बाद देर रात तक चली सूफियाना महफिल में कव्वाल नईम साबरी और मुस्कान डिस्को ने अपने शानदार कलाम और कव्वालियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सूफी संगीत की महफिल में मौजूद लोगों ने देर रात तक कलामों का आनंद लिया और दरगाह का माहौल पूरी तरह रूहानी रंग में रंगा नजर आया। उर्स के दूसरे दिन आयोजित विशेष महफिल में देश के प्रसिद्ध कव्वाल साकिब साबरी ने नातिया कलाम पेश किए। उनके भावपूर्ण कलामों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा पंडाल या रसूल अल्लाह के नारों से गूंज उठा। जायरीन देर रात तक महफिल में मौजूद रहे और सूफी कलामों का रसपान करते रहे। शनिवार सुबह दरगाह पर कुल शरीफ की रस्म अकीदत के साथ अदा की गई। कुल शरीफ में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया और दरगाह पर फातिहा पढ़कर मुल्क की तरक्की, भाईचारे और आपसी सौहार्द के लिए दुआ मांगी। कुल शरीफ के बाद विशाल लंगर-ए-कुल का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर तबर्रुक ग्रहण किया। लंगर की विशेष बात यह रही कि इसमें हिन्दू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिल-जुलकर लंगर का आयोजन सफल बनाया और गंगा-जमुनी तहजीब तथा आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। उर्स के दौरान दरगाह परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, लेकिन व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती रहीं। उर्स को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। दरगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा तथा आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। उर्स के सफल समापन पर आयोजकों ने सभी जायरीनों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

**परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**स्वार।** आगामी 8 जून से 10 जून 2026 तक आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने तहसील स्वार स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, स्वार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं तथा परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र के कक्षों, शौचालयों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा तथा परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित रहें और उनकी निगरानी प्रभावी ढंग से की जाए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जनरेटर की उपलब्धता एवं उसकी कार्यक्षमता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी या विद्युत बाधा उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा सुरक्षा में चूक को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। अभ्यर्थियों की सघन जांच, प्रवेश व्यवस्था एवं केंद्र परिसर की निगरानी के लिए प्रभावी सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है तथा परीक्षा की सफलता के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापकों से तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

# सीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा का किया निरीक्षण

**ऑनलाइन पंजीकरण बढ़ाने और मरीजों को अस्पताल से ही दवाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टांडा।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गुलाब चन्द्र ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) टांडा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सीय व्यवस्थाओं एवं अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतपाल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, पंजीकरण कक्ष, आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, शौचालय, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने अस्पताल परिसर और भवन के भीतर कराई गई वॉल पेंटिंग तथा जनजागरूकता संबंधी संदेशों वाले स्लोगनों की सराहना की। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा शौचालय और पेयजल की सुविधाएं भी बेहतर स्थिति में मिलीं। पंजीकरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। उस समय तक अस्पताल में 50 मरीजों का ऑनलाइन तथा 200 मरीजों का ऑफलाइन पंजीकरण किया जा चुका था। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले अधिक से अधिक मरीजों का ऑनलाइन पंजीकरण कराया जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ सके। आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के निरीक्षण के दौरान एंटी रैबीज एवं एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन, आकस्मिक चिकित्सा के लिए उपलब्ध दवाओं, पैरामॉनिटर, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था की जांच की गई। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। साथ ही निर्देश दिए कि मरीजों को अनावश्यक रूप से बाहर की दवाएं न लिखी जाएं और अस्पताल में उपलब्ध जीवनरक्षक एवं आवश्यक दवाओं का वितरण यहीं से सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि मरीजों के लिए शुगर, रक्तचाप सहित कई महत्वपूर्ण जांचें नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

हालांकि थायराइड जांच की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल परिसर स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। वहां उन्हें बताया गया कि चिकित्साधिकारी डॉ. बबीता कुमार किसी आवश्यक कार्य से जिला चिकित्सालय रामपुर गई हुई हैं। निरीक्षण के अंत में सीडीओ गुलाब चन्द्र ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था को नियमित रूप से सुदृढ़ रखने, गर्मी के मौसम में मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार और सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दो साल से पाइपलाइन बिछी, टंकी का नहीं अता-पता; भाकियू श्रमिक जनशक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** जल जीवन मिशन के तहत ग्राम नानकर में करीब दो वर्ष पहले घर-घर पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन आज तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। इसके चलते गांव के सैकड़ों परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन्हें पेयजल के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश महासचिव जुबैद खान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील सदर पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वर्ष 2024 में ठेकेदार द्वारा गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कर भुगतान ले लिया गया, लेकिन जलापूर्ति के लिए आवश्यक ओवरहेड टंकी का निर्माण अब तक शुरू नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के 500 से अधिक घरों तक पाइपलाइन और नल कनेक्शन पहुंच चुके हैं, लेकिन नलों में पानी नहीं आता। गर्मी के मौसम में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को एक किलोमीटर दूर स्थित हैंडपंपों से पानी लाना पड़ता है। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जुबैद खान ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन नानकर गांव में योजना अधूरी पड़ी हुई है। उन्होंने मांग की कि 15 दिनों के भीतर टंकी निर्माण का कार्य शुरू कराया जाए और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उपजिलाधिकारी सदर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी तथा जल निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# आबकारी एक्ट के वारंटी को मिलक पुलिस ने दबोचा, जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मिलक।** कोतवाली पुलिस ने आबकारी अधिनियम के मामले में फरार चल रहे एक शातिर वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय रामपुर में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत उप निरीक्षक जोर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम सिंहपुरा निवासी जोगा सिंह पुत्र कश्मीर सिंह को उसके मस्कन से दबोच लिया।

अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय रामपुर से वारंट जारी था।

# हरी मिर्च के दाम को लेकर किसानों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी।** क्षेत्र के रहमतगंज और मंसूरपुर गांव के किसानों ने हरी मिर्च व्यापारियों की कथित मनमानी के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया। किसानों ने स्वार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मिर्च खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की मांग की। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हरी मिर्च की खेती की जाती है, लेकिन उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि स्थानीय व्यापारी आपसी सहमति से खरीद मूल्य तय कर लेते हैं और उसी दर पर किसानों से मिर्च खरीदते हैं। इससे किसानों को फसल की लागत तक नहीं मिल पा रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने प्रशासन से मिर्च खरीद की व्यवस्था की जांच कराने तथा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन पर भाजपा युवा मोर्चा नेता राजेश यादव परविंदर कुमार मौर्य सहित संजय कश्यप, ताहिर अंसारी, राकेश, बृजकिशोर, प्रेम सिंह, देवेंद्र कुमार, प्रदीप, जयप्रकाश तथा अन्य किसानों के हस्ताक्षर हैं।

